कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

// प्रेस विज्ञप्ति //
गर्ल्स कॉलेज में
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, उनकी आर्थिक, राजनीतिक एवं समाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाईयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर इस दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष महाविद्यालय में किया जाता है, जिसमें प्राध्यापिकाएँ एवं छात्राएँ अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत करती हैं।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने इस अवसर पर शुभकामनाएँ एवं नारी सशक्तिकरण में महाविद्यालीन प्रयासों की जानकारी दी

डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। श्रीमती ज्योति भरणे ने बताया कि महिलाओं को सामाजिक विकास के उनके योगदान के लिए सम्मान स्वरूप में दिवस होता है। कु. तबस्सुम ने समाज में महिलओं को बराबरी का हक दिलाने के साथ ही किसी क्षेत्र में उनके साथ होने वाले भेदभाव को रोकने का मकसद भी यह दिवस है। डॉ. तोशिना तेलंग ने इस वर्ष की थीम ‘‘इन्वेस्ट इन वुमेन, एक्सीलेरेट प्रोग्रेस’’ की जानकारी दी। कु. मुस्कान कुर्रे ने महिला दिवस के इतिहास की चर्चा की।

कु. सबीना ने इस दिवस को उन महिलाओं के लिए बताया जो बाधाएँ तोड़ रही है, मानदण्डों को चुनौती दे रही है और इस दुनिया को बेहतर जगह बना रही है। डॉ. मंजूलता साव ने महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई और समाज के सभी पहलुओं में लैंगिक समानता की वकालत जारी रखने की आवश्यकता की याद दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कु. श्वेता भट्ट और धन्यवाद ज्ञापन कु. निधी साह ने किया। इस अवसर प्राध्यापकण एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)